दैनिक जागरण 20/05/2025

दैनिक जागरण
अंबाला

डा. रोहित दत्त को यूनिवर्सिटी आफ सेंट्रल अमेरिका की डाक्टर आफ साइंस की उपाधि IV



हाकी अंबाला के वाइस चेयरमैन बने राजेंद्र IV

www.jagran.com

## डा. रोहित दत्त को यूनिवर्सिटी आफ सेंट्रल अमेरिका की उपाधि

**जागरण संवाददाता, • अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के प्रिंसिपल डा. रोहित दत्त को यूनिवर्सिटी आफ सेंट्रल अमेरिका द्वारा डाक्टर आफ साइंस (होनरिस कोज़ा) की उपाधि प्रदान की है। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों को देखते हुए दिया गया। डा. रोहित दत्त अपने शैक्षिक नेतृत्व और नवाचार के लिए विशेष पहचान रखते हैं, और उनकी उपलब्धि शिक्षा समुदाय में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उनकी इस उपलब्धि पर कालेज प्रबंधक समिति के सदस्यों ने डा. रोहित दत्त को बधाई दी।



डा. रोहित दत्त, प्रिंसिपल जीएमएन कालेज अंबाला छावनी